हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

11 मुआवजे पर अड़े किसान, दैयड़ में अर्ध-नग्न होकर किया प्रदर्शन



12 जिले में पीने के पानी को बर्बाद करने वालों के काटे जाएंगे चालान : लाली



## खबर संक्षेप

### ई-कार्ट कर्मचारी बनकर की ठगी, आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ अभियान चलाते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने पार्सल डिलीवर करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कमलजीत उर्फ कालू निवासी अग्रोहा, जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की 3200 रुपये की नकदी बरामद की है।

### मुख्त्यार सिंह मैमोरियल कॉलेज की दीपाली प्रथम

**फतेहाबाद।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा दिसम्बर, 2025 में आयोजित बीए प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम गत दिवस घोषित किया गया, जिसमें मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कालेज बहबलपुर की छात्रा दीपाली ने विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में 530 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शक्ति नगर, फतेहाबाद निवासी प्रिंस के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12.98 ग्राम हेरोइन और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है।

### आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते दो आरोपी पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने आईपीएल मैच पर सट्टा खाईवाली करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं, जिनके माध्यम से वे सट्टा खाईवाली कर रहे थे। शहर थाना प्रभारी बलराज सिंह ने बताया कि बीती रात्रि शहर थाना की एक पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान परशुराम चौक क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### नाबालिग को बहलाकर ले जाने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान भोला निवासी गांव चिम्मो, तहसील रतिया, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पीड़ित परिवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत टीमों का गठन किया।

## पश्चिमी विक्षोभ का असर: तेज हवाओं और बूंदाबांदी से सुहावना हुआ मौसम

# भीषण गर्मी के बीच मौसम ने ली करवट, बारिश-ओलावृष्टि से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान लोगों को वीरवार शाम बड़ी राहत मिली। अचानक बदले मौसम के बीच तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के साथ ओले भी गिरे, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई और मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया। इसके बाद बूंदाबांदी और कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई। मौसम बदलने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन तेज हवाओं ने कई गांवों में नुकसान भी पहुंचाया। दिनभर अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गर्म हवाओं और उमस के कारण लोग बेहाल रहे। शाम होते-होते अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और कुछ ही मिनटों में मौसम पूरी तरह बदल गया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 1 जून तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

**एक जून तक मौसम में बना रह सकता है उतार चढ़ाव**





### भट्टूकलां में सबसे ज्यादा असर

तेज आंधी का सबसे ज्यादा असर भट्टूकलां क्षेत्र के जांडलवाला बागड़, ढाबी कलां, खाबड़ा कलां और आसपास के गांवों में देखने को मिला। करीब सात मिनट तक चली तेज हवाओं ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। जांडलवाला बागड़ गांव में लगभग 30 घरों की टीन की छतें उड़ गईं, जबकि गांव की गोशाला की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। करीब 20 पेड़ और तीन बिजली के खंभे गिर गए। गांव में लगा बीएसएनएल का मोबाइल टावर भी तेज हवाओं के कारण झुक गया। वहीं भट्टूकलां क्षेत्र के एक गांव में बीएसएनएल टावर का टायर गिरने से अफरा-तफरी मच गई। कई स्थानों पर बिजली के पोल और शेड टूटकर गिर गए। ग्रामीणों ने बताया कि आंधी इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में घरों के बाहर रखा सामान उड़ने लगा। इसके अलावा क्षेत्र में करीब 20 पेड़ उखड़ गए और 16 बिजली पोल टूटकर गिर पड़े। कई मकानों की टीन की छतें उखड़ गईं।

### ओलों से सब्जियों में नुकसान की आशंका

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे थे। दिन के समय बाजारों में भी भीड़ कम नजर आ रही थी। लेकिन शाम को मौसम बदलते ही लोगों ने राहत महसूस की।



बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुल गई और तापमान में भी गिरावट आई। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने भी मौसम परिवर्तन को राहतभरा बताया। हालांकि कुछ किसानों ने ओलावृष्टि से नरमा और सब्जियों की फसल को नुकसान की आशंका भी जताई है। समाचार लिखे जाने तक तेज हवाओं के साथ बारिश और हल्की ओलावृष्टि का दौर जारी था।

# बिजली व्यवस्था चरमराई घंटों कटौती से लोग बेहाल

## एसई के जारी हेल्पलाइन नंबर पर नहीं उठा फोन




फतेहाबाद। भट्टू रोड पर स्थित 132 केवी सब स्टेशन। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही बिजली की लाइनों पर भी लोड बढ़ना शुरू हो गया है। यही कारण रहा कि बुधवार रात को शहर के जवाहर चौक स्थित अनेक फीडरों पर कई घंटों तक लगातार कट लगते रहे। पॉवर हाऊस का कहना है कि संन्यास आश्रम रोड व जवाहर चौक में तकनीकी फाल्ट आने के बाद रात को बिजली बंद की गई थी। पहले रात 11 बजे कट लगे तो 15 मिनट के लिए लाइट आई। इसके बाद भी करीब डेढ घंटे तक कट लगा रहा। बड़ी बात यह है कि इस दौरान लाइनमैन से लेकर कार्यकारी अभियंता तक किसी ने भी फोन नहीं उठाए। बता दें कि बुधवार को दिन में ही बिजली निगम के एसई ने डीपीआरओ के माध्यम से प्रेस रिलीज जारी कर बिजली सम्बंधी शिकायतों के लिए हैल्पलाइन नंबर जारी किए थे। निगम के एसई ने कहा था कि कोई भी व्यक्ति इन नंबरों पर 24 घंटे बिजली सम्बंधी शिकायत कर सकता है। पिछले दिनों जनपरिवाद समिति की मासिक बैठक में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने सभी ऑफिसर्स के समक्ष निगम के एसई एसएस राय को मंच पर बुलाकर पब्लिक से सौहार्दपूर्ण वातावरण रखने, और कर्मचारियों को फोन उठाने के निर्देश दिए थे लेकिन लगता है मंत्री जी की बातों का निगम के अधिकारियों पर कोई असर नहीं हुआ।

### आवश्यकतानुसार करें बिजली उपकरणों का प्रयोग

बिजली की बढ़ती डिमांड के बीच दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने भी एक एडवाइजरी जारी की है। निगम ने उपभोक्ताओं से निवेदन किया है कि वह रात में सभी बिजली उपकरण एक साथ उपयोग न करें।

*-अशोक कुमार, एक्सईन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, फतेहाबाद*

# झाड़-फूंक के बहाने छात्रा से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिले क्षेत्र में एक तांत्रिक बाबा द्वारा नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। तांत्रिक झाड़-फूंक के बहाने घर में पहुंचा और समस्याओं के समाधान की बात कही, परिवार के सदस्यों ने एक-एक कर बंद कमरे में अपनी समस्याएं तांत्रिक के समक्ष रखी। जब नागालिग युवती का नंबर आया तो तांत्रिक ने उसे डरा-धमका कर दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। बाद में परिवार पुलिस थाना पहुंचा और आरोपी तांत्रिक के खिलाफ शिकायत दी। उपनिरीक्षक कोमल सिंह ने गुरुवार को बताया कि पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ महिला थाना में आकर महिला अधिवक्ता तथा महिला पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में बयान दर्ज करवाए हैं। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी लाल मोहम्मद को जिला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



### मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर की कार्रवाई

पीड़िता ने बताया कि बीती 23 मई को तांत्रिक बाबा उनके घर पर आया और एक बंद कमरे में बैठकर झाड़-फूंक के बहाने समस्याओं का समाधान करने लगा। घर के अन्य सदस्य भी कमरे में जाकर अपनी समस्याएं रख रहे थे। पीड़िता ने बताया कि जब उसकी बारी आई तो तांत्रिक बाबा ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और कहा किसी को बताया तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार दूंगा। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाने के उपरांत लीगल एडवाइजर एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# गोरखपुर माइनर में लीकेज से खेतों में भरा पानी

- कई एकड़ में किसानों की फसलें खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

फतेहाबाद ब्रांच नहर से निकलने वाले गोरखपुर माइनर में पानी लीकेज होने का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे से लगातार पानी बहता रहा, जिससे आसपास के खेत जलमग्न हो गए। किसानों के अनुसार कई एकड़ में खड़ी मूंग, सब्जियों और पनीरी की फसल खराब हो गई। किसानों ने मामले की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होने से नुकसान बढ़ता चला गया। किसान मोनू रेवड़ी, गर्व सिंह, जीत सिंह, रामफल, चांदीराम, कश्मीर सिंह आदि ने बताया कि पिछले तीन दिनों से फतेहाबाद ब्रांच से रजवाहे में पानी छोड़ा जा रहा था। इस दौरान धीरे-धीरे पानी लीकेज होकर बाहर निकल रहा था। किसानों का आरोप है कि उन्होंने तीन दिन पहले ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी थी, लेकिन किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। किसानों के अनुसार गुरुवार सुबह पानी का बहाव अचानक तेज हो गया और देखते ही देखते खेतों में भरने लगा। आसपास की ढाणियों में रहने वाले लोगों को भी जलभराव का अंदेशा होने लगा। इसके बाद किसानों ने अपने स्तर पर पानी रोकने के प्रयास शुरू किए और लगातार अधिकारियों को स्थिति की जानकारी देते रहे। किसानों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद करीब तीन घंटे तक विभाग की ओर से कोई जेसीबी मशीन मौके पर नहीं भेजी गई।





भूना। खेतों में फैला हुआ पानी व गोरखपुर माइनर के नीचे से पानी का रिसाव।

### 10 एकड़ में धान की पनीरी खराब

किसानों ने बताया कि पानी भरने से मूंग और सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा खेतों में लगे तीन बोर भी पानी में डूब गए, जबकि करीब 10 एकड़ में तैयार की गई धान की पनीरी भी खराब हो गई। किसानों ने आरोप लगाया कि विभाग समय रहते लीकेज रोकने के प्रबंध नहीं करता और बाद में किसानों पर ही पानी तोडने के आरोप लगाए जाते हैं। किसानों ने कहा कि एक ओर भीषण गर्मी में लोगों को पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा।

# रतिया के नायब तहसीलदार का चंडीगढ़ तबादला

- किसान आंदोलन की हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

रतिया में भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार के खिलाफ मोर्चा खोले किसान यूनियन को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पिछले दो सप्ताह से नायब तहसीलदार के तबादले की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान संगठन के आंदोलन के आगे आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा। हरियाणा सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए रतिया के नायब तहसीलदार का तबादला सीधे चंडीगढ़ कर दिया है। इसे किसान आंदोलन की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, रतिया के नायब तहसीलदार पर भ्रष्टाचार और आम जनता व किसानों के साथ दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगे थे। इन आरोपों को लेकर किसान यूनियन के सदस्य पिछले 14 दिनों से लगातार धरने पर बैठे हुए थे। आंदोलन को तेज करते हुए आज किसान यूनियन के सदस्यों ने तहसील कार्यालय पर तालाबंदी करने का एलान किया था। जैसे ही किसानों द्वारा तालाबंदी किए जाने की सूचना जिला उपायुक्त के पास पहुंची, प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया।



विचित्रानंद, नायब तहसीलदार।

### बड़े आदोलन की दी थी चेतावनी

यूनियन के प्रवक्ता राम जाट ने बताया कि तय निर्णय के अनुसार सभी सदस्य तहसील कार्यालय पर तालाबंदी करने के लिए कूच कर चुके थे, लेकिन ऐन वक्त पर जिला उपायुक्त का बुलावा आ गया। उपायुक्त ने 15 दिनों के भीतर कार्रवाई का लिखित/मौखिक आश्वासन दिया है, जिसके चलते केवल तालाबंदी को 15 दिन के लिए टाला दिया गया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि इन 15 दिनों के भीतर नायब तहसीलदार का तबादला और कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हुई, तो किसान यूनियन इससे भी बड़ा आंदोलन शुरू करेगी।

# बाजारों और मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

- दुकानदारों व आमजन को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

भूना क्षेत्र में डीएसपी ट्रैफिक जय सिंह तथा ट्रैफिक प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम ने बाजारों व मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया तथा दुकानदारों व आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सडक़ व फुटपाथ पर अनावश्यक रूप से सामान रखने वाले दुकानदारों को समझाया कि वे अपने सामान को निर्धारित सीमा के अंदर ही रखें ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर किया गया अतिक्रमण यातायात बाधित करने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का कारण भी बनता है, इसलिए सभी नागरिकों का यह दायित्व है कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। डीएसपी ट्रैफिक जय सिंह ने कहा कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए सडक़ मार्गों को साफ और व्यवस्थित रखना बेहद जरूरी है।



भूना। दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने की अपील करते ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी।

# इंसान झूठ बोल सकता है, दस्तावेज नहीं, मरीज को 50,500 रुपये लौटाने के आदेश

*उपभोक्ता आयोग ने सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल को लगाई फटकार*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, फतेहाबाद ने चिकित्सा सेवा में लापरवाही और अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी मानते हुए हिसार के एक निजी अस्पताल के खिलाफ बड़ा फैसला सुनाया है। आयोग ने मरीज से स्टंट की वास्तविक कीमत से अधिक राशि वसूलने के मामले में अस्पताल को अतिरिक्त रकम ब्याज सहित लौटाने और हर्जाना देने के आदेश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष गुलाब सिंह और सदस्य ओपी टुटेजा की बेंच ने कृष्ण कुमार बनाम सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एंड कैंसर हॉस्पिटल, हिसार मामले की सुनवाई करते हुए पीड़ित मरीज के पक्ष में फैसला सुनाया। आयोग ने टिप्पणी करते हुए कहा कि "इंसान झूठ बोल सकता है, लेकिन दस्तावेज कभी झूठ नहीं बोलते।" मामले में उपभोक्ता की ओर से अधिवक्ता राजबीर सिंह ने पैरवी की।

### 10 हजार का अतिरिक्त जुर्माना

उपभोक्ता आयोग ने अस्पताल को आदेश दिया है कि वह आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने के 40 दिनों के भीतर पीड़ित को 50 हजार 500 रुपये की अतिरिक्त वसूली लौटाए। साथ ही 10 हजार रुपये दंडात्मक हर्जाना और 5 हजार रुपये मुकदमे का खर्च भी अदा करे। इस प्रकार अस्पताल को कुल 65 हजार 500 रुपये का भुगतान करना होगा।

**स्वास्थ्य** | गांवों में वायरल बुखार तेजी से फैला, लोग ले रहे नीम-हकीमों का सहारा

# फतेहाबाद में बुखार, उलटी-दस्त, डायरिया व पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी, 1 हजार तक पहुंची ओपीडी

- प्राइवेट अस्पतालों में भी बढ़ी मरीजों की भीड़, फिजिशियन के पास लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पिछले 15 दिनों से पड़ रहे लू के थपेड़ों का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ना शुरू हो गया है। दो सप्ताह से यहां बुखार, उलटी, दस्त व पेट दर्द के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालात यह हैं कि गांव व शहर में नीम-हकीमों, आरएमपी डाक्टरों के साथ नागरिक अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हो गया है। फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में ओपीडी की संख्या 500 से बढक़र 800 से 1000 प्रतिदिन हो गई हैं। उधर, छाती रोग विशेषज्ञ के पास पहले 50 के करीब ओपीडी होती थी लेकिन अब 100 से अधिक ओपीडी बढ़ गई है। अधिकतर लोग बुखार, जुकाम व खांसी की शिकायत लेकर आ रहे है। इसके अलावा चर्म रोग के मरीज भी रिकार्ड संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण ऐसा देखने को मिल रहा है। गांवों में वायरल बुखार तेजी से फैल रहा है। ऐसे में लोग गांवों में कार्य कर रहे आरएमपी, नीम-हकीम डाक्टरों से ही दवाइयां ले रहे है। अगर मरीज लंबे समय तक ठीक नहीं हो रहे तो शहर की तरफ आ रहे है। सरकारी अस्पताल की तरफ प्राइवेट अस्पतालों में भी ओपीडी लगातार बढ़ रही है। फिजिशियन के पास अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। यह वायरल बुखार है। अगर कुछ दिनों तक दवाइयां का सेवन किया जाए तो यह ठीक भी हो सकता है।



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल के ओपीडी काउंटर पर मरीजों की भीड़।

### बिमारियां बढ़ी

मौसम में बदलाव आ गया है। ऐसे में लोग बुखार, खांसी व जुकाम की चपेट में आ रहे है। भीषण गर्मी को शरीर सहन नहीं कर पा रहे है। अगर लंबे समय से बुखार है तो चिकित्सकों से दवाइयां अवश्य लेनी चाहिए। अगर ज्यादा जरूरी न हो तो लोग घर से बाहर निकलने से परहेज करें।

-डॉ. बुधराम, सीएमओ फतेहाबाद।

### ये रखें सावधानियां

- अगर बुखार है तो जांच करवाने के बाद ही दवाइयां ले।
- अगर प्राथमिक तौर पर बुखार ठीक नहीं हो रहा है चिकित्सकों से संपर्क करे।
- छोटे बच्चों को विशेष ध्यान रखे।
- इस मौसम में खान-पान में भी बदलाव करना चाहिए।

रोचक
शिखर चंद जैन

# इन घरों को देखकर कहोगे OMG!

बच्चो, अधिकतर घर एक निश्चित शेप, साइज और डिजाइन में बने होते हैं। लेकिन तुम्हें जानकर अचरज होगा कि दुनिया में कुछ ऐसे अजब-अनोखे घर भी बनाए गए हैं, जिनको देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। इनकी अजीबो-गरीब संरचना को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे ही कुछ बेहद अनूठे घरों के बारे में जानो।



### क्रेजी हाउस वियतनाम

**वियतनाम के** दा लाट में स्थित क्रेजी हाउस को कोई पहली बार देखे तो यह किसी हॉरर मूवी का हिस्सा



लगता है। यह किसी विशाल डेड ट्री जैसा दिखता है। इस घर में सीधी लाइन में दीवारें या परफेक्ट एंगल वाले कॉर्नर नहीं हैं। इसमें सीढ़ियां गुफाओं जैसी लगती हैं और खिड़कियां मकड़ी के जालों जैसी। मजेदार बात यह है कि यहां के हर कमरे का नाम किसी जानवर के नाम पर रखा गया है, जैसे- टाइगर रूम, ईगल रूम आदि। वास्तुकार डेंग वियत नगा ने अपनी अनोखी कल्पना को साकार रूप देने के लिए इस क्रेजी हाउस का निर्माण किया था। *

### उल्टा घर पोलैंड

**पोलैंड के** सिजमबार्क में एक ऐसा घर मौजूद है, जिसे देखकर तुम अचरज में पड़ जाओगे। इस उल्टे घर यानी इनवर्स हाउस की छत जमीन पर और फर्श आसमान की ओर है। अटपटी बनावट के कारण इस घर के अंदर जाने पर लोगों को अकसर चक्कर आने लगते हैं क्योंकि उनका बैलेंस बिगड़ जाता है। मजे की बात यह है कि इस घर के अंदर फर्नीचर भी छत से उल्टा लटका रहता है। *

### क्यूब हाउस नीदरलैंड

**नीदरलैंड देश** के रॉटरडैम में ऐसे कई घर हैं, जिन्हें क्यूब हाउस कहा जाता है। इन घरों के ऊपरी सिरे पर



45 डिग्री के एंगल पर झुके हुए पीले रंग के क्यूब्स बने हैं। यहां का हर घर एक पेड़ का प्रतिनिधित्व करता है। इस तरह देखा जाए तो सारे घर मिलकर एक 'शहरी जंगल' बनाते हैं। घर के अंदर की दीवारें और खिड़कियां तिरछी बनी हैं, जिससे फर्नीचर सेट करना मुश्किल होता है। ये क्यूब हाउस बाहर से बहुत ही अट्रैक्टिव नजर आते हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। *

### ड्रिना रिवर हाउस सर्बिया

**सर्बिया देश** के बाजिना बास्ता में स्थित छोटा-सा लकड़ी का घर ड्रिना रिवर हाउस, 1968 से सर्बिया



की ड्रिना नदी के बीच एक चट्टान पर टिका हुआ है। इसे कुछ तैराकों ने आराम करने के लिए बनाया था। हैरानी की बात यह है कि इस नदी में कई बार भयानक बाढ़ आई, लेकिन यह छोटा सा घर आज भी अडिग खड़ा है। यह घर दुनिया के सबसे शांत और अकेले घरों में से एक माना जाता है। *



### हाउस एनए जापान

**जापान के** टोक्यो शहर में स्थित हाउस एनए, पूरी तरह कांच से बना है। यह पेड़ों की शाखाओं की तरह अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बना है। प्राचीन काल में जिस तरह इंसान, पेड़ों पर, खुले माहौल में रहते थे। आर्किटेक्ट सु फुजीमोटो इस घर में रहने वालों को कुछ उसी तरह का अनुभव देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ऐसा अनोखा घर बनाया। जापान में निजी घरों के अलावा, कई सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है। *



### हॉबिट हाउस वेल्स

**यूरोपीय देश** वेल्स के पेमब्रोक शायर में स्थित हॉबिट हाउस, बिल्कुल वैसा ही दिखता है जैसा 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फिल्म में दिखाया गया है। इसे साइमन डेल ने बनाया था। इस घर को तैयार करने में उन्होंने मिट्टी, पत्थर और लकड़ियों का इस्तेमाल किया। पूरी तरह से ईको-फ्रेंडली इस घर में बिजली के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इस घर को बनाने में 3,000 पाउंड (लगभग 4 लाख रुपए) का खर्च आया था। *



### कासा डो पेनेडो पुर्तगाल


**पुर्तगाल में** स्थित कासा डो पेनेडो को 'पत्थर का घर' कहा जाता है क्योंकि यह चार बड़े प्राकृतिक ग्रेनाइट पत्थरों के बीच बना है। इसका निर्माण 1972 में एक फैमिली के हॉलिडे होम के रूप में किया गया था। इसमें बुलेटप्रूफ खिड़कियां और एक पत्थर का बना स्विमिंग पूल भी है। इस घर में बिजली का कनेक्शन नहीं है। अपने अनोखे डिजाइन और आस-पास के प्राकृतिक वातावरण के कारण देश-विदेश के पर्यटक इस घर को देखने आते हैं। *



छोटी कहानी
पावनी

मीनू और मोनू ने गर्मियों में कुछ नया करने की सोची। इसके लिए दोनों ने मां से कुछ पैसे भी मांगे। मां ने तुरंत वो पैसे निकाल कर दे दिए, जो उन्होंने मजेदार बचत करके जमा किए थे। आखिर मां की यह मजेदार बचत क्या थी?

# मजेदार बचत



गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी थीं। मीनू और मोनू इन छुट्टियों में कुछ नया सीखना चाहते थे। दोनों मां के पास आकर बोले, 'मां हमें कुछ नया करना है।'

मीनू-मोनू की बातें सुनकर मां बोलीं, 'वाह! बहुत अच्छा विचार है बच्चो। तुम दोनों इस बार गर्मी की छुट्टियों में कुछ न कुछ नया जरूर सीखो।'

'मगर मां, इसके लिए तो हमें कुछ एक्स्ट्रा पैसे चाहिए।' मीनू-मोनू एक साथ बोले। 'ओह, तो इसमें परेशानी की कौन-सी बात है? यह लो मजेदार बचत का गुल्लक। इसमें से ले लो रुपए।' मां ने एक गुल्लक लाकर उनके सामने रख दिया।

'मजेदार बचत! अरे यह कैसी बचत है मां?' मीनू-मोनू को हैरानी हुई।

मां ने बताया, 'यह तुम दोनों की ही बचत है। यह बचत हमने इस तरह की है, तुम्हें मालूम ही नहीं पड़ा। याद करो, जब-जब तुम बाहर से समोसा, कचौरी वगैरह खाने की जिद करते थे, मैं घर पर ही बना देती थी। इस तरह कई बार हुआ। इससे काफी पैसे बच गए, जो मैंने गुल्लक में डाल दिए।'

मीनू-मोनू को मां की बातें सुनकर बड़ा अच्छा लगा। मां ने आगे भी बताया, 'इतना ही नहीं, तुम दोनों ने कितनी ही बार पानी की बचत की, बेवजह पानी नहीं बहने देते थे। बिजली की भी बचत की। प्रत्येक रविवार को तुम दोनों बाहर बैठकर पढ़ते थे। पानी भी जरूरत भर खर्च करते थे। इससे बिजली और पानी का बिल कम आया। उस बचत के रुपए भी मैं इसी गुल्लक में डाल देती थी। तो यह एक तरह से तुम दोनों की ही कमाई है बच्चो।' मां यह कहकर हंस दीं।

दोनों बच्चे पैसों से भरी गुल्लक देखते ही रह गए। मोनू बोला, 'अरे वाह मां। हमने इतनी बचत कर ली!'

मीनू और मोनू ने गुल्लक को तोड़कर रुपए गिने। मीनू खुशी से बोली, 'ओह, यह तो बहुत ही अधिक पैसे हैं मां। हमारा काम तो इससे कम पैसों में हो जाएगा।'

'तो ठीक है, जितने पैसे तुम दोनों को चाहिए, रख लो। जो बच जाएं, उसकी एक और गुल्लक बना लो।' मां बोलीं।

मीनू-मोनू दोनों उत्साहित स्वर में बोले, 'मां, हम जरूर गुल्लक बनाएंगे और मजेदार बचत करेंगे। हम हमेशा पानी और बिजली बचाएंगे, इसके अलावा जहां हम बचत कर सकते हैं, करेंगे।' 'मुझे तुम पर गर्व है बच्चो।' मां दोनों को गले लगाते हुए बोलीं। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

## मेरी साइकिल...!

सबको पीछे छोड़ घुमाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कच्चा हो या पक्का रस्ता,
साधन लगता सबको सस्ता।
रोज सुबह मैं पढ़ने जाता,
रखकर पीछे अपना बस्ता।
ट्रिन-ट्रिन का शोर मचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
पैडल मार मैं इसे चलाऊं,
गली-गली में रोज घुमाऊं।
सर्कस के जोकर के जैसे,
दो पहियों पर खूब नचाऊं।
हरदम मेरा साथ निभाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कभी न मांगे खर्चा-पानी,
कम न होती इसकी रवानी।
कसरत और जॉगिंग में तो,
अव्वल रहती सदा कहानी।
प्रदूषण से सबको बचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!



## बूझो तो जानें



1. एक गुफा में बत्तीस चोर
सबके तन हैं श्वेत,
खाने वाली चीजों पर ये
जुटते हैं समवेत।



2. एक बक्से में चालीस चोर
सबका मुंह है काला,
पैर पकड़ जिसका भी रगड़ो
वो झट करे उजाला।

3. एक वृक्ष में बारह शाखें
बावन उनके होती आंखें,
तीन सौ पैंसठ जिसमें फूल
क्या कहलाए बोलो मूल?

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. दांत, 2. माचिस, 3. वर्ष



## जीके क्विज-207

1. हाल ही में भारत के किस शहर में हाइड्रोजन बस सेवा शुरू की गई है?
2. इंटरनेशनल बुकर लिटरेचर प्राइज 2026 के विजेता कौन बने हैं?
3. भारत के किस राज्य ने देश में सबसे पहले एआई मंत्रालय बनाया है?
4. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
5. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
6. पिछले दिनों किस पर्वतारोही ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया?
7. भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र कहां स्थापित किया गया था?
8. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
9. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
10. सांची का स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-207 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-206 का उत्तर :** 1. सी. जोसेफ विजय, 2. क्रिस्टोफर कोलंबस, 3. फॉस्टिनो ऑरो, 4. 5 जून, 5. हर्षवर्धन, 6. रामकृष्ण परमहंस, 7. भारत रत्न, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. दादाभाई नौरोजी, 10. शुक्र

**जीके क्विज-206 का सही उत्तर देने वाले :** प्रीति-रायपुर, पूरब-बिलासपुर, गरिमा-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, मोहनीश-गरियाबंद, तेजस-रोहतक, दिव्या-हिसार, संचित-महासमुंद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में पिंकू देर तक सोता था। दादी ने कई बार उसे टोका कि सुबह उठकर ताजी हवा का आनंद लिया करे। पिंकू की आदत नहीं सुधरी। लेकिन कुछ समय बाद ही, एक नन्ही गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी। बच्चो, है ना हैरान करने वाली बात!

# गिलहरी ने सुधारा पिंकू को



पिंकू के स्कूल में गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। वह आजकल देर तक सोता था। उसकी दादी उससे बार-बार कहतीं, 'सुबह जल्दी उठा करो। गर्मियों की सुबह बहुत सुहानी होती है। बाहर टहलने जाओ, ताजी हवा खाओ। सूरज सिर पर आने के बाद उठने से क्या फायदा?' जवाब में पिंकू दादी से यही कहता, 'दादी, आप भी ना! पूरे साल तो जल्दी उठकर स्कूल ही जाता हूं। कम से कम छुट्टियों में तो चैन से सोने दें।'

दादी उसे समझातीं, 'बेटा, तुम दिन में भी थोड़ा सो सकते हो। सुबह जब जल्दी उठकर पार्क में खेलने जाओगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा, तुम स्वस्थ रहोगे।'

दादी की बातों का कोई असर पिंकू पर नहीं होता। वह रात को देर तक अपने पसंदीदा टीवी शोज देखता, सुबह दस बजे से पहले नहीं उठता। पिंकू को सोते समय शांति पसंद थी। वह अपना कमरा बंद करके, सभी पर्दे लगाकर सोता था, ताकि उसकी नींद में कोई रुकावट न आए। उसका देर से उठने का सिलसिला लगातार चल रहा था। एक दिन सुबह-सुबह हल्का-सा शोर सुनकर पिंकू की नींद टूट गई। यह आवाज घर के अंदर से नहीं आ रही थी। उसने गौर किया, बाहर लॉन की तरफ से उसकी खिड़की के शीशे पर कोई ठक-ठक कर रहा है। पिंकू एक बार तो डर गया। उसने पास ही रखी स्मार्ट वॉच को उठाकर टाइम देखा, सुबह के पांच बज रहे थे। उसे समझ में नहीं आया कि इतनी सुबह भला कौन आएगा? पिंकू फिर से सोने की कोशिश करने लगा। लेकिन यह क्या? ठक-ठक की आवाज आना तो बंद ही नहीं हुई। पिंकू की नींद पूरी तरह उचट गई। वह उठा और धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए खिड़की के पास आया, पर्दा हटा कर देखा, उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू फिर से बिस्तर पर आकर लेट गया। उसने फिर से सोने की कोशिश की। जैसे ही आंख लगी, फिर से खिड़की पर ठक-ठक होने लगी। पिंकू एक बार फिर खिड़की के पास गया और पर्दा हटाकर देखा, लेकिन इस बार भी उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू वापस बिस्तर पर आकर लेट गया। थोड़ी ही देर में कुछ सोचकर वह उठा, वहीं खिड़की के पास की दीवार से सटकर खड़ा हो गया, जैसे ही आवाज आई, उसने खिड़की का पर्दा हटाकर जो देखा, देखकर दंग रह गया। एक नन्ही-सी गिलहरी खिड़की के कांच के पास आकर ठक-ठक कर रही थी। पिंकू को मन ही मन अपने पर हंसी आई, 'मैं बेकार ही डर रहा था।'

अब तो यह रोज का सिलसिला हो गया था। सुबह ठीक पांच बजे वही ठक-ठक की आवाज चालू हो जाती थी। पिंकू सो नहीं पाता। उसे ऐसा लगने लगा, मानो वह गिलहरी दादी की सहेली हो, दादी ने उसे जगाने की ट्रेनिंग दी है। एक दिन सुबह ठक-ठक की आवाज से परेशान होकर पिंकू उठा, उसने अपने स्लीपर पहने और बाहर लॉन में आ गया। लॉन में वही नन्ही गिलहरी उछल-कूद कर रही थी। बाहर दादी की चप्पलें नहीं रखी हुई थीं, मतलब दादी वॉक पर चली गई थीं। पिंकू की नजर गार्डन के फूल-पौधों पर पड़ी, वो मुरझाए से लग रहे थे। दादी रोज वॉक से लौटकर पौधों को पानी देती थीं। पिंकू ने एक पल कुछ सोचा, फिर वहां रखा हुआ पाइप नल में लगाया और पौधों को पानी देने लगा। एक गमले में उसने थोड़ा ज्यादा पानी भर दिया था। वह दूसरे गमले की तरफ बढ़ा ही था, नन्ही गिलहरी जाकर पानी भरे उस गमले से पानी पीने लगी। पिंकू को यह दृश्य बहुत प्यारा लगा। पिंकू ने गिलहरी से यों ही प्यार से पूछा, 'तुम मुझे सुबह जल्दी क्यों जगा देती हो?'


गिलहरी ने एक बार और पानी पिया और फुदकती हुई थोड़ा दूर चली गई। अगले दिन फिर उसी ठक-ठक की आवाज से पिंकू की आंख खुल गई। उसने जाकर पौधों को पानी दिया, नन्ही गिलहरी ने भी गमले में भरे पानी को पिया। पिंकू ने तभी देखा- गिलहरी के साथ-साथ पानी पीने चिड़िया भी आ गई है। 'अच्छा, तो नन्ही गिलहरी मुझे इसलिए जगाती है ताकि मैं समय पर पौधों को पानी दूं और उनकी प्यास भी बुझ जाए।' पिंकू ने मन ही मन सोचा।

अब तो पिंकू की नींद रोज सुबह पांच बजे अपने आप खुल जाती थी। वह पौधों को पानी देने के बाद नन्ही गिलहरी को 'गुड मॉर्निंग' कहकर अपनी साइकिल लेकर पार्क की ओर निकल जाता था, जहां उसके दोस्त पहले से ही खेल रहे होते थे। वहां वह थोड़ी देर अपने दोस्तों के साथ खेलता। देर से उठने की आदत की वजह से पिंकू सुबह जल्दी उठने के फायदे नहीं जानता था। लेकिन अब वह जान और समझ गया था। गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी थी। पिंकू की इस बदली हुई आदत से दादी भी खुश थीं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

# अच्छी-अच्छी सीख देतीं रोचक कहानियां

बच्चों के प्रिय बाल साहित्यकार हैं गोविंद शर्मा। इनकी एक नई किताब आई है 'पानी में पैसा', जिसमें उनकी लिखी ग्यारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब में नैतिकता, मानवता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विविध विषयों पर प्रेरक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पानी में पैसा' नदी की स्वच्छता का गंभीर संदेश देती है। कहानी कहती है, प्रदूषण के कारण पानी में पैसा ही नहीं, आदमी भी नहीं दिखता। 'झबरू की समझ' एक वफादार कुत्ते की सूझबूझ की कहानी है, जो चोरों को पकड़ने में मदद करता है। 'देखिए और सीखिए' कहानी लालच ना करने और दूसरों का आदर करने की सीख देती है। कहानी 'घंटी तो बंधी थी' सीख देती है कि मोबाइल की लत में ऐसे भी न खोएं कि कोई बड़ा नुकसान हो जाए, किसी बड़े संकट में फंस जाएं। कहानी 'यह ताला भी खुलेगा' में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा और लगन का सुंदर चित्रण है। 'बंदर की इंसानियत' कहानी दया-करुणा का पाठ पढ़ाती है। 'रंग मिल गए' और 'पहला दिन : शुभ दिन' जैसी कहानियां हमारे भीतर मेलजोल और सौहार्द की भावना विकसित करती है।





इस कहानी संग्रह की भाषा बोलचाल और बालमन के अनुकूल है। कहानियों में छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग किया गया है, जिससे बच्चो तुम्हें ये कहानियां पढ़ने और समझने में आसानी होगी। संग्रह की कहानियां सीख देने के साथ, तुम्हारा मनोरंजन भी करती हैं। *

**किताब**: पानी में पैसा (कहानी संग्रह),
**लेखक**: गोविंद शर्मा, **मूल्य**: 150 रुपए,
**प्रकाशक**: साहित्यागार पब्लिकेशन, जयपुर



## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फूलों के बाग की सैर करने आई नन्ही परी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1. परी की जादुई छड़ी में लगे स्टार का कलर अलग है। 2. परी के बाएं पंख के ऊपरी हिस्से में अधिक धारियां बनी हुई हैं। 3. परी के दाहिने पैर के शू का कलर अलग है। 4. परी के बेल्ट का कलर बदला हुआ है। 5. नीचे जमीन पर घास का एक गुच्छा अधिक है। 6. एकदम बाईं तरफ फूल में एक पखुरी कम है।


## नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए प्रत्येक चित्र के बगल में अंग्रेजी में उसका नाम भी लिखा गया है। प्रत्येक नाम का फर्स्ट लेटर मिसिंग है। तुम हर नाम के नीचे दिए गए सर्कल्स में से सही लेटर चुनकर इन नामों को पूरा करो।


__ueen
q a c


__ocket
c r n


__hip
s c t


__ree
t g s

## खबर संक्षेप

### हाईड्रोजन डेमू ट्रेन के रूप में सरकार ने दी बड़ी सौगातः डा. केहरवाला

**सिरसा।** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डा. गंगा सागर केहरवाला ने हरियाणा को देश की पहली हाईड्रोजन डेमू ट्रेन की बड़ी सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। डॉ. केहरवाला ने कहा कि यह देश की पहली पर्यावरण अनुकूल हाइड्रोजन डेमू ट्रेन होगी, जोकि जींद से सोनीपत के बीच चलेगी और इसमें 10 कोच होंगे। इस हाइड्रोजन डेमू ट्रेन को रेलवे ने मंजूरी दे दी है, जिससे प्रदेशवासियों में खुशी की लहर है।

### खेलो इंडिया लघु केंद्र संचालन के आवेदन आमंत्रित

**सिरसा।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक जिले में एक-एक खेलो इंडिया लघु केंद्र स्थापित किया जाना है। इन केंद्रों का संचालन पूर्व चौंपियन एथलीटों द्वारा किया जाएगा।
जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण की गाइडलाइन के अनुसार खेलो इंडिया लघु केंद्र के संचालन के लिए आवेदन करने वाले पूर्व चैंपियन एथलीट का राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ वर्ग का खिलाड़ी होना अनिवार्य है।

### महंगाई ने मध्यम वर्ग की कमर तोड़ीः सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने लगातार बढ़ती महंगाई पर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल पर बढ़ते टैक्स और आर्थिक कुप्रबंधन ने आम आदमी, विशेषकर मध्यम वर्ग का जीना मुश्किल कर दिया है। सांसद ने कहा कि आज चाय, चीनी, चावल, दाल, चप्पल, कपड़े से लेकर रोजमर्रा की हर वस्तु महंगी हो चुकी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि जिस परिवार का मासिक खर्च पहले 35,000 रुपये में चलता था, वही परिवार अब रुपये 40,000 में भी संघर्ष कर रहा है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों ने गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है।

### बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर काबू

**फतेहाबाद।** चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वीआईपी क्षेत्र में स्थित पंचायत भवन की पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल निवासी फतेहाबाद रोड, भूना और पवन कुमार निवासी बिठमड़ा, हिसार के रूप में हुई है। पवन अब चंदन नगर, भूना में रहता है।

### अवैध हथियार मामले में आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** थाना भट्टू कलां पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोनू निवासी गीता कॉलोनी, डांगरा रोड, टोहाना के रूप में हुई है। इस मामले में सीआईए टीम ने पहले ढाणी भट्टू के नरेंद्र कुमार उर्फ सिघाना को एक अवैध 32 बोर पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा था। नरेंद्र से पूछताछ में इस वारदात में टोहाना के मोनू की संलिप्तता भी सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे भी काबू कर लिया।

### पराली प्रबंधन कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 15 जून तक करें आवेदन

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र किसान 15 जून तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह योजना वर्ष 2026-27 के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) घटक के अंतर्गत लागू की गई है। व्यक्तिगत श्रेणी के तहत किसानों को सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर, श्रेडर, मल्चर तथा टेडर मशीन जैसे कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा।

### बीमा कंपनी और अफसरों की मिलीभगत से बर्बाद हो रहा किसान : विष्णुदत्त

# मुआवजे पर अड़े किसान, दैयड़ में तीसरे दिन अर्ध-नग्न होकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

साल 2025 में गुलाबी सुंडी और मौसम की मार से बर्बाद हुई नरमे की फसल के बीमा क्लेम को लेकर गांव दैयड़ में चल रहा किसान मजदूर एकता संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना आज तीसरे दिन और उग्र हो गया। बीमा कंपनी द्वारा लगाए गए तकनीकी ऑब्जेक्शन, क्लेम वितरण में हो रही जानबूझकर देरी और इस पूरे खेल में प्रशासनिक अधिकारियों की कथित मिलीभगत के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। तपती धूप और भीषण गर्मी के बीच अपनी जायज मांगों की ओर सरकार का ध्यान खींचने के लिए प्रदर्शनकारी किसानों ने आज अनूठा रास्ता अपनाया। किसानों ने करीब तीन घंटे तक अर्ध-नग्न होकर धरना स्थल पर प्रदर्शन किया और सरकार व बीमा कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस धरने की अध्यक्षता संयुक्त रूप से संदीप जाखड़, रामसिंह जांगड़ा, बलवान सिंह चाहर और मोहन लाल सूच ने की, जबकि मंच संचालन भरत सिंह कटेवा द्वारा किया गया।

*सरकार व बीमा कंपनी के खिलाफ जमकर की नारेबाजी*

*मांगों पर सरकार का ध्यान खींचने के लिए अनुठा रास्ता अपनाया*



भट्टूकलां। गांव दैयड़ में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करते किसान।

#### बीमा नहीं मिला तो पूरे जिले में होगा आंदोलन

धरने में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान कामरेड विष्णुदत्त ने सीधे तौर पर बीमा कंपनी और कृषि विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, साल 2025 में नरमे की फसल पूरी तरह तबाह हो गई थी, जिसका प्रीमियम किसानों ने समय पर भरा था। लेकिन अब जब मुआवजा देने की बारी आई, तो बीमा कंपनी ने अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके क्लेम पर नाजायज ऑब्जेक्शन लगा दिए हैं ताकि किसानों का पैसा हड़पा जा सके। दफ्तरों में बैठे अफसर मौन हैं और किसान दाने-दाने को मोहताज हो रहा है। हमारी साफ चेतावनी है कि जब तक यह ऑब्जेक्शन हटाकर बीमा क्लेम की पूरी राशि सीधे किसानों के खातों में नहीं डाली जाती और सेम की समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता, यह आंदोलन खत्म नहीं होगा। विष्णुदत्त ने कहा कि आज देश के अन्नदाता को अर्ध-नग्न होकर सडक़ पर बैठना पड़ रहा है, जो शासन और प्रशासन के लिए बेहद शर्मनाक है।

#### कोई प्रशासनिक अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचा

धरने को संबोधित करते हुए सुभाष चन्द्र भादु, कमल बिसला, जगदीश बैनिवाल और पगड़ी संभाल जट्टा संगठन से सतीश बैनिवाल ने कहा कि तीन दिन से किसान धरने पर बैठे हैं, लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचा। यह साफ तौर पर दर्शाता है कि अधिकारी वर्ग पूरी तरह से बीमा कंपनियों के हक में काम कर रहा है और किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। इस तीन घंटे के अर्ध-नग्न प्रदर्शन और धरने में क्षेत्र के सैकड़ों किसान-मजदूर शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से रामस्वरूप पटवारी, पृथ्वी सिंह, रणधीर सिंह, संदीप नम्बरदार, रिछपाल सिंह, राम सिंह पूनिया और विनोद सहारण सहित भारी संख्या में ग्रामीण व किसान नेता उपस्थित रहे। किसानों ने दोटूक कहा है कि जब तक नरमे के क्लेम का पैसा खाते में नहीं आता, उनका यह पड़ाव पीछे नहीं हटेगा।



फतेहाबाद। श्री सनातन धर्म मंदिर में प्रवचन करती सुकीर्ति भारती।

# दुनियावी सुखों के पीछे भाग रहा इंसानः सुकीर्ति

## वार्षिक महोत्सव में सत्संग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भौतिकवाद की बढ़ती चकाचौंध के चलते इंसान दुनियावी सुखों के पीछे भागते हुए अपना समय व्यर्थ कर रहा है जबकि जहां से सबकुछ मिलता है वहां से दूर होता जा रहा है। यह बात लुधियाना से आई सुकीर्ति भारती महाराज ने रामनिवास मोहल्ला स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सत्संग समारोह के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कही। इस अवसर पर किशन वस्त्र भंडार माजरा से किशन नारंग, विनोद तायल और रवि चौधरी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। तुलसी दास रहेजा, सुरेंद्र मित्तल, वेद प्रकाश नारंग, देवीदयाल कुकड़ेजा, मोहनलाल जुनेजा, हरीश शर्मा, कृष्ण वधवा, हंसराज नारंग बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। प्रवचन करते हुए सुकीर्ति महाराज ने कहा कि दुनिया में आए हैं तो दुनियावी रीति रिवाज को तो पूरा करना हमारा कर्तव्य है लेकिन आत्मिक सुख भगवान की भक्ति करने से ही मिलेगा। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि जब भी समय मिले भगवान की भक्ति अवश्य करें क्योंकि इससे ही परलोक सुधर सकता है। जब तक जीवन है हमें दुनियावी कामों से फुरसत नहीं मिलेगी। उन्होंने एक कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब मनुष्य के पास सबकुछ हो लेकिन उसे खुशी नहीं मिलती लेकिन अगर भगवान की भक्ति प्राप्त हो और फकीरी हो तब भी आत्मिक सुख की प्राप्ति हो सकती है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन कमेटी के लख्मीचंद सरदाना, प्रवीण जिंदल, जगत रुखाया, चंद्र मेहता, विजय बांगा, संजीव गोस्वामी, हरीश कथूरिया, लेखराज नारंग, ललित शुक्ला, पुजारी राकेश शर्मा, श्रीबाला जी किट्टी मंडल, अमृतवाणी महिला किट्टी मंडल, श्री लक्ष्मीनारायण महिला किट्टी मंडल, हरिदर्शन महिला किट्टी मंडल के सदस्यों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं 1 जून से 37 परीक्षा केंद्र बनाए : डॉ. धर्मपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की जून-जुलाई सत्रांत परीक्षाएं एक जून से प्रारंभ होकर 21 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने दी। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि हरियाणा के भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत, पानीपत एवं रोहतक जिलों में इग्नू द्वारा कुल 37 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 12 परीक्षा केंद्र हरियाणा की विभिन्न जेलों में बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जून-जुलाई माह में आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं में पूरे हरियाणा से कुल 3,72,484 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जबकि जेलों में स्थापित परीक्षा केंद्रों पर कुल 1,248 कैदी परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे। इग्नू की परीक्षाएं प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होंगी। प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक रहेगा। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाओं के व्यवस्थित एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल की ओर से सभी परीक्षा नियंत्रकों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें परीक्षाओं से संबंधित विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाई गई।

#### छात्र अपना एनरोलमेंट कार्ड डाउनलोड करें



उन्होंने बताया कि इग्नू द्वारा हॉल टिकट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। विद्यार्थी वेबसाइट से अपने हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों को अपना एनरोलमेंट कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है अथवा जिन्होंने इसे डाउनलोड नहीं किया है, वे समर्थ पोर्टल पर जाकर अपनी यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से अपना एनरोलमेंट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

# डॉ. अर्चना के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुशी

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डॉ. अर्चना गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इस उपलक्ष्य में फतेहाबाद के जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया और केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा की कमान सौंपना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने हमेशा महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने डॉ. अर्चना गुप्ता के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. गुप्ता एक शिक्षित, अनुभवी और कर्मठ नेता हैं। संगठन में लंबे समय तक कार्य करने का उनका अनुभव हरियाणा भाजपा को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत के दम पर शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। प्रवीण जोड़ा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास और जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए बेहतरीन कार्य किए हैं।



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सविता टुटेजा, मंजू बाजीगर, पूनम सिंगला, जिला महामंत्री अशोक जाखड़, जिला सचिव संकेत गर्ग, शम्मी ढींगडा, विक्रम शर्मा, जगदीप मोंगा, भूप सिगड, अमृतपाल खुबर, डॉ. रणजीत ओढ, राममेहर धारसूल, बनवारी लाल गहलोत, रामकुमार मेहरा, अशोक कंबोज, अविनाश कंबोज सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन टास्क से 12.24 लाख की ठगी, छठा आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** घर बैठे ऑनलाइन टास्क और ऊंचे रिटर्न का लालच देकर लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ाने वाले साइबर ठगों के खिलाफ थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने 12 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अभय निवासी श्रीगंगानगर, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी के 50 हजार रुपये की नकदी भी बरामद कर ली है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सिंथला निवासी पीड़ित प्रमोद कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

# अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की बैठक, विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की बैठक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने विशेष तौर पर शिरकत की और समाज की मजबूती को लेकर मार्गदर्शन किया। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन के विस्तार और समाज को एकजुट करने पर केंद्रित रहा। बैठक के दौरान कम्युनिटी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और प्रबुद्ध लोगों के अनुभवों का लाभ उठाने के लिए सेवानिवृत अधिकारी प्रकोष्ठ के गठन की घोषणा की गई। राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने इस नए प्रकोष्ठ के विस्तार और इसकी भावी रूपरेखा को लेकर पदाधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। सेवानिवृत अधिकारियों का अनुभव समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। संगठन की कमान को ब्लॉक और विधानसभा स्तर पर मजबूत करने के लिए सर्वसम्मति से नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। इसके तहत जिले की तीनों मुख्य विधानसभा सीटों पर अध्यक्षों की तैनाती की गई है, जिसमें पुरुषोत्तम फुटेला को फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। टेक चंद सलुजा को रतिया विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया।



फतेहाबाद। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

### सेमीफाइनल में धमीजा लायंस की शानदार जीत, फाइनल में पहुंचे

**रतिया।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में चल रही मास्टर प्रीमियर लीग के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में धमीजा लायंस ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। टीम ने सुखीजा चैलेंजर को 30 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया अब 31 मई को होने वाले मुकाबले में धमीजा लायंस की भिड़ंत अजन्ता वारियर्स से होगी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी धमीजा लायंस की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 197 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 198 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुखीजा चैलेंजर की टीम 19.1 ओवर में 167 रन पर ही ऑलआउट हो गई। मैच में स्कोरर की अहम भूमिका रॉबिन सुखीजा ने निभाई।



### शिमला में आयोजित यूमी फिटनेस क्लब के प्रतिभागियों ने स्केटिंग में जीते 13 पदक

**सिरसा।** शिमला में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में शहर के यूमी फिटनेस क्लब के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड, 4 सिल्वर व 4 कांस्य सहित कुल 13 पदकों पर कब्जा कर क्लब व जिले का नाम रोशन किया। यूमी फिटनेस क्लब की डायरेक्टर रवीना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अनेक राज्यों से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यूमी फिटनेस क्लब से जयकृष्ण, सहज, पुनित, जिया व जान्वी ने गोल्ड, ओइशी, उनाज, रोनित, प्रियांशु ने सिल्वर, हितकृष, हितेश, हरिक व पार्थ ने कांस्य पदक प्राप्त किए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डायरेक्टर ने कहा कि इससे पूर्व भी क्लब के प्रतिभागी राष्ट्ीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से युवाओं को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसका परिणाम हम सभी के सामने हैं। सभी प्रतिभागी मेहनती हैं और स्केटिंग के प्रति समर्पित हैं। स्केटिंग में इनका भविष्य काफी उज्ज्वल है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेंगे।

# स्कॉर्पियो से मौके पर उतरवाई ब्लैक फिल्म, काटा चालान

## नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले और गाडिय़ों पर काली फिल्म चढ़ाकर घूमने वाले चालकों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत रतिया ट्रैफिक पुलिस ने कुलां रोड पर मुस्तैदी दिखाते हुए एक महिंद्रा स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशों पर अवैध रूप से लगी ब्लैक फिल्म को मौके पर ही फाडक़र हटा दिया। इसके साथ ही नियमों की अवहेलना करने पर चालक का भारी ऑनलाइन चालान भी काटा गया। थाना ट्रैफिक पुलिस प्रभारी उप निरीक्षक जयसिंह ने बताया कि पुलिस टीम कुलां रोड, रतिया पर यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के लिए नाके पर तैनात थी। इसी दौरान फतेहाबाद की तरफ से आ रही एक महिंद्रा स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकवाया गया। इस गाड़ी के सभी शीशों पर नियमों के विरुद्ध गहरे काले रंग की फिल्म लगी हुई थी, जिससे गाड़ी के अंदर का कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। न्यायालय के आदेशों और यातायात नियमों का हवाला देते हुए ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत कार्रवाई अमल में लाई।

### अभियान कोई भी हो आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं होता : यादव

# ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

गांव ओढ़ा में स्थित धर्मशाला में वीरवार को नशा मुक्ति को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डीएसपी ललित यादव व डबवाली के एसएमओ हरसिमरन सिंह ने भाग लिया। डीएसपी ललित यादव ने उन्होंने ग्रामीणों के साथ नशे के दुष्प्रभावों तथा समाज पर पडऩे वाले गंभीर परिणामों को लेकर खुलकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि अभियान कोई भी हो आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं होता। उन्होंने कहा कि नशा समाज में नाश का कारण बन रहा है। अगर इसके खिलाफ हम सभी एकजुट नहीं हुए तो आने वाले समय में इसके परिणाम भयंकर होंगे। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशा कभी भी और किसी भी रूप में किसी के भी घर में घुस सकता है। अगर आपके इर्द गिर्द कोई भी नशे के धंधे में संलिप्त है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी और सूचना देने वाली की पहचान गुप्त रखी जाएगी। अगर कोई व्यक्ति स्वेच्छा से नशा छोडने का इच्छुक है तो पुलिस उसका पूरा सहयोग करेगी। इस कार्य में उसका कोई भी पैसा खर्च नहीं होगा।



सिरसा। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते डीएसपी व एसएमओ।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सरपंच संदीप सिंह व ग्राम पंचायत के सदस्यों ने गांव में जल्दी ही एक कमेटी का गठन करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सरपंच संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह चहल जिला परिषद सदस्य, सुखपाल सिंह नंबरदार, जनता अधिकार मोर्चा के अध्यक्ष जसविंदर सिंह बब्बू, पूर्व सरपंच भूप मल्हान, रुपिंदर कुंडर, जोत राम शर्मा, रणजीत कुंडर, रामप्रताप गोदारा, भूषण गोयल, महावीर गोदारा, समाजसेवी, सतीश कांसल, आत्मा सिंह, भोला सिंह, अमृत बराड़ आदि मौजूद रहे।

# जिले में पीने के पानी को बर्बाद करने वालों के काटे जाएंगे चालान : लाली

## गर्मी में बढ़ी पानी की डिमांड, विभाग की अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया



रतिया। बैठक में उपस्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

■ विभाग ने जनसुविधा के लिए जारी किया टोल फ्री नंबर

भीषण गर्मी में पानी की डिमांड काफी बढ़ गई है। ऐसे में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा हर घर तक शुद्ध और पर्याप्त पीने का पानी पहुंचाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने चेतावनी दी है कि जिले में पीने के पानी को बर्बाद करने वाले कनेक्शनों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाकर उन्हें काटा जाएगा।

जिला सलाहकार ने शहर और गांवों के उन सभी उपभोक्ताओं से तुरंत प्रभाव से पीने के पानी की सप्लाई से गाड़ी धोने के सर्विस स्टेशन चलाने ,रेता-बजरी की दुकानों पर बेवजह पानी का छिड़काव करने व खाली प्लॉटों में हरा चारा या सब्जियां उगाने के लिए पीने के पानी का इस्तेमाल करने वाले ऐसे लोग खुद अपने कनेक्शन नहीं हटाते हैं, तो विभाग उनके खिलाफ सख्त कानूनी और विभागीय कार्रवाई अमल में लाएगा। इसके अलावा, जिन घरों या सार्वजनिक स्थानों पर नल खुले पाए गए, उनके कनेक्शन भी काट दिए जाएंगे। शर्मा चंद लाली ने कहा कि क्षेत्र में कई जगहों पर असुरक्षित और अवैध कनेक्शनों की शिकायतें मिल रही हैं। इससे मुख्य पाइपलाइनों में दूषित पानी मिलने का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने जनता से अपील की कि कहीं भी पाइपलाइन में लीकेज दिखाई दे, तो तुरंत विभाग को सूचित करें। पानी की बर्बादी रोकने के लिए सभी खुले नलों पर टेप जरूर लगाएं।उन्होंने बताया कि खुले नलों के कारण हजारों लीटर पानी बह जाता है, जिससे लाइन के अंतिम छोर पर स्थित घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है। विभाग ने जनता की सुविधा के लिए टोल-फ्री नंबर जारी किया हुआ है। नागरिक पानी की आपूर्ति, लीकेज या अवैध कनेक्शन की शिकायत इस नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही, यदि आपके आस-पास कोई सर्विस स्टेशन या हरे चारे के नाम पर पीने के पानी का दुरुपयोग कर रहा है, तो आप उसकी फोटो, वीडियो और लोकेशन सीधे व्हाट्सएप पर भी भेज सकते हैं ताकि विभाग तुरंत एक्शन ले। इस मौके पर मदन लाल, अमित कुमार, शमशेर सिंह, राकेश कुमार, पृथ्वी सिंह और खंड संयोजक कुलदीप सिंह सहित विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### घर से चांदी की चेन और नकदी चोरी, केस दर्ज

डबवाली। गांव गंगा में चोरों ने रात्रि को एक मकान से चांदी की चेन और नकदी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। यादविंद्र सिंह ने शिकायत देकर बताया कि उसने अपनी भांजी के जन्मदिन पर गिफ्ट देने के लिए चांदी की चेन बनवाई थी, जिसे उसने अपने घर में लकड़ी की अलमारी में 1500 रुपए नकदी के साथ रखा हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार बीती 18 मई को दिन के समय अज्ञात व्यक्ति उसके मकान में घुसकर चांदी की चेन और नकदी चोरी कर ले गया। उन्होंने बताया कि काफी समय तक अपने स्तर पर तलाश करने के बाद उसे पता चला कि चोरी की वारदात गांव गंगा निवासी गुरविन्द्र सिंह ने की है।

### तंबाकू निषेध दिवस पर लगेगा जागरूकता शिविर

सिरसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 30 मई को प्रातः नागरिक अस्पताल सिरसा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव संतोष बागोतिया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि शिविर में रिटेनर अधिवक्ता राखी रानी एवं राजविंद्र सिंह लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा, नशा मुक्ति, विधिक अधिकारों और तंबाकू निषेध से संबंधित कानूनों पर विशेष तौर पर जागरूक करेंगे।

### जिला पुलिस ने पांच नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने जिले क्षेत्र से पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से हेरोइन व अफीम बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुडक़र भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से छह ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा डबवाली पुलिस ने गांव देसूजोधा क्षेत्र से भिन्द्र सिंह को सात ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली टीम ने मंडी कालांवाली सरावल सिंह को अफीम सहित दबोचा है।

# पेयजल संकट से जूझ रहा गांव बरूवाली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

■ ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

भीषण गर्मी के बीच गांव बरूवाली प्रथम के लोग लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। एक ओर पंजाब से नहरों के माध्यम से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा, वहीं दूसरी ओर जन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये खर्च कर तैयार किए गए पेयजल प्रोजेक्ट भी धरातल पर पूरी तरह फेल साबित हो रहे हैं। समस्या के समाधान के लिए कई बार अधिकारियों के चक्कर काटने और शिकायतें देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष है। गांव बरूवाली प्रथम की पंचायत ने उपायुक्त शांतनु शर्मा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। पंचायत की ओर से उपायुक्त को तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए। इस दौरान हरिश कुमार, वीरेंद्र सिंह, संदीप कुमार, राजेश कुमार, सतनाम, रामकिशन गोस्वामी, मंजीत, भगवान दास और हरिसिंह ने बताया कि गांव बरूवाली प्रथम के जलघर तक दड़बी माइनर से पीने के पानी की पाइपलाइन लाई गई थी। इसका टेंडर जनवरी 2025 में हुआ था, लेकिन ठेकेदार द्वारा काम को गंभीरता से नहीं किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने के नाम पर पुरानी पाइपें उखाड़ दी गईं और करीब एक साल तक काम चलता रहा, लेकिन आज भी कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार पाइपलाइन कई जगहों से लीकेज है और जिन स्थानों पर मोटर लगाने के लिए चैंबर बनाए गए थे, वहां आज तक मोटरें नहीं लगाई गईं। पंचायत स्तर पर बार-बार शिकायतें देने के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदार को भुगतान कर दिया। अधिकारियों की इसी लापरवाही का परिणाम है कि गांव का जलघर खाली पड़ा है जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### टोहाना में पेयजल संकट, लोगों ने एक्सएन से की मुलाकात; नई पाइप लाइन बिछाने का आश्वासन

फतेहाबाद। टोहाना के वार्ड-20 स्थित मसाला फैक्ट्री एरिया में पेयजल संकट गहरा गया है। लंबे समय से पानी की किल्लत से जूझ रहे दर्जनों निवासियों ने जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता शशिकांत से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। वार्ड निवासी सिमरन ने बताया कि उनके घरों में लंबे समय से पानी नहीं आ रहा है। इस दौरान तीन मोटरें खराब हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पहले सड़क जाम करने पर दो दिन पानी आया, लेकिन फिर सप्लाई बंद हो गई। वार्डवासी विजय कटारिया ने कहा कि वार्ड में पानी की भारी किल्लत है। कई बार अधिकारियों से मिलने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने एक्सइन से बूस्टिंग के जरिए सीधा पानी पहुंचाने की मांग की, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। मनप्रीत ने बताया कि तीन दिन पहले भी दनकौरा रोड पर दो घंटे तक जाम लगाया गया था। तब कनिष्ठ अभियंता मुख्तयार सिंह ने मौके पर पहुंचकर सहयोग किया था, लेकिन बस्ती में पानी की उचित आपूर्ति अभी भी नहीं हो रही है।

### डॉ. विजय लक्ष्मी बनी शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक

■ डॉ लक्ष्मी ने कार्यकाल में छात्रों के विकास के लिए किए उल्लेखनीय कार्य

सिरसा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डिंग की प्राचार्या का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही डॉ. विजय लक्ष्मी को संयुक्त निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया है। डाइट प्रवक्ता चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार डीईओ डॉ. विजय लक्ष्मी को हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय, पंचकूला मुयालय में बतौर सयुंक्त निदेशक नियुक्ति दी गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में लंबे समय से उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली डॉ. विजय लक्ष्मी की इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत में खुशी का माहौल है। डॉ. विजय लक्ष्मी ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, नवाचार गतिविधियों, शिक्षक प्रशिक्षण, प्रशासनिक दक्षता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ डाइट डिंग, सिरसा के प्रिंसिपल पद का अतिरिक्त दायित्व भी उन्होंने कुशलतापूर्वक निभाया। उनकी पदोन्नति को शिक्षा विभाग में उनकी कर्मठता, नेतृत्व क्षमता एवं समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान, डिंग प्रभारी सुरेंद्र सिंह नूनिया ने डिंग डाइट परिवार के समस्त स्टाफ सदस्यों सहित डा. विजय लक्ष्मी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।



सिरसा। कैरांवाली स्कूल की खेल नर्सरी में क्लब सदस्य वाटर कूलर भेंट करते हुए।

### कैरांवाली स्कूल में लायंस क्लब ने लगाए वाटर कूलर

चोपटा। लायंस क्लब सिरसा सिटी ने कूलर स्थापित करने की कड़ी में 57वें एवं 58वें वाटर कूलर स्थापित किए हैं। क्लब प्रवक्ता ने बताया कि पहला वाटर कूलर गांव कैरांवाली के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में स्थापित किया गया तथा दूसरा वाटर कूलर गांव शेरपुरा में स्थित खो-खो खेल नर्सरी में स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लायन प्रदीप रातूसारिया एवं वैशाली रातूसारिया को बताया गया कि कैरांवाली की स्पोर्ट्स अकादमी में बालिकाओं के लिए शौचालय की उचित सुविधा न होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उन्होंने बालिकाओं के लिए अकादमी में दो शौचालय बनवाने व दो पंखे देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष योगेश जैन, सचिव सुमित चौधरी, कोषाध्यक्ष राजेश गनेरीवाला तथा क्लब सदस्य रविंद्र सिंह, सूरज बंसल, वीरेंद्र रातूसारिया एवं विजय मेहता, सतपाल गिरी जोधकां, सतपाल गिरी, भजन लाल बेनीवाल, मुकेश, जोतराम, शीशपाल सुंडा, सुशील कसवां, भीम सिंह भाटी, प्रेम कोच, दशरथ गोदारा सहित अन्य मौजूद थे।

# कार्यकारी अभियंता राकेश को मिला नप का नया अतिरिक्त कार्यभार

■ राकेश कुमार संभालेंगे जिम्मेदारी

■ शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने जारी किए आदेश, तत्काल प्रभाव से लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने फतेहाबाद नगर परिषद में अतिरिक्त कार्यभार को लेकर नए आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कार्यकारी अभियंता राकेश कुमार को नगर परिषद फतेहाबाद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें उनके वर्तमान कार्यों के साथ अतिरिक्त रूप से दी गई है। राकेश कुमार वर्तमान में नगर परिषद नारनौल में कार्यकारी अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। साथ ही उनके पास नगर परिषद सिरसा का अतिरिक्त कार्यभार भी पहले से है। अब सरकार ने उन्हें फतेहाबाद नगर परिषद की जिम्मेदारी भी सौंप दी है। यह नियुक्ति रिक्त पद के चलते की गई है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि अतिरिक्त कार्यभार संभालने वाले अधिकारियों को इसके लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त मानदेय नहीं दिया जाएगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। विभाग की ओर से जारी नोट में बताया गया है कि एचआरएमएस पोर्टल में तकनीकी दिक्कतों के चलते ये आदेश फिलहाल फिजिकल मोड में जारी किए गए हैं। तकनीकी समस्या दूर होने के बाद इन्हें पोर्टल पर भी अपडेट किया जाएगा। यह आदेश 25 मई को चंडीगढ़ से हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, आईएएस द्वारा जारी किए गए। वहीं 27 मई को संबंधित अधिकारियों और विभागों को इसकी प्रतियां भेजी गईं। आदेशों की प्रतियां शहरी स्थानीय निकाय विभाग पंचकूला, नगर निगम हिसार, जिला नगर आयुक्त नारनौल, फतेहाबाद, सिरसा, रेवाड़ी और चरखी दादरी सहित संबंधित नगर परिषदों और अधिकारियों को भेज दी गई हैं, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



सिरसा। बस स्टैंड पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगिरों की प्यास बुझाते हुए।

### बस स्टैंड पर छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

चोपटा। नाथूसरी चौपटा बस स्टैंड पर भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं आमजन के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस सेवा कार्य में चौपटा क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढक़र सहयोग दिया तथा आने-जाने वाले लोगों को मीठा ठंडा जल वितरित किया गया। इस पुण्य कार्य में सरदार कुलवंत सिंह, मास्टर दिनेश कुमार जांगड़ा, डॉ. सुखदेवी एलएचवी, डॉ. रामानंद, जसपाल कौर स्टाफ नर्स, रामस्वरूप सोनी, राजेंद्र जांगड़ा, डॉ. इंद्र सिंह जांगड़ा, जयबीर जांगड़ा, सुभाष बेनीवाल, रामनिवास शर्मा, लक्ष्मण स्वामी, रक्षित, साजन, सुरेंद्र रोहिल, कार्तिक जांगड़ा, दिनेश जांगड़ा, दीपक, हरमन, सतीश, रघुबीर बरनेला, अंजनी गोयल, बंसीधर सेठ, आयुष कड़वासरा सहित अनेक सज्जनों ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। गुरुकुल के संस्थापक मास्टर दिनेश कुमार जांगड़ा ने बताया कि बढ़ती गर्मी एवं तेज धूप को देखते हुए राहगीरों की सेवा के लिए यह निर्णय लिया गया, ताकि लोगों को राहत मिल सके और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा मिले।

# संकीर्तन संध्या में सुन ले कन्हैया अर्जी हमारी भजन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



सिरसा। भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायिका। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी पर मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन जब तू मेरे साथ है फिर डरने की क्या बात है, लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का, अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे, हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। बाद में झारखंड से आई भजन गायिका श्वेता अग्रवाल ने भजन - ये प्रार्थना दिल की स्वीकार नही होगी, कीर्तन की है रात बाबा आज थाणै आणो है, मेरे बांके बिहारी लाल, राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी, बनवारी तेरी यारी ने दिवाना बना दिया, काली कमली वाला मेरा यार है, सुन ले कन्हैया अर्जी हमारी, तेरे दर पर आके मुझे क्या मिला, भीगी पलकों ने श्याम पुकारा है, हारे के सहारे मुझको तेरा ही सहारा, दानी होकर क्यू चुप बैठा ये कैसी दातारी रे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

### श्री हनुमान मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव कल से

सिरसा। श्री हनुमान मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 29वां वार्षिक महोत्सव 30 व 31 मई को धूमधाम से मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। प्रचार मंत्री तेजप्रकाश गुप्ता ने बताया कि 30 मई की सुबह मनोनीत पार्षद संदीप मेहता द्वारा ध्वज पूजन होगा। शोभा यात्रा सुबह मंदिर प्रांगण से शुरू होगी, जोकि कॉलोनी की मुख्य गलियों की परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न होगी। आगामी 30 मई की शाम को श्री बालाजी महाराज की भव्य भजन संध्या होगी। इस मौके पर प्राचीन श्री श्याम मंदिर की मुख्य सेविका तारा देवी पहुंचेगी। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग, प्रधान अग्रसेन कॉलोनी वेल्फेयर ट्रस्ट सतपाल पारीक, नगर पार्षद हेमकांत शर्मा, नगर पार्षद रणधीर धीरू व समाजसेवी प्रवीण सर्राफ शिरकत करेंगे। ज्योति प्रज्जवलन मुख्यातिथि समाजसेवी श्याम सुंदर गुप्ता करेंगे जबकि गणेश पूजन समाजसेवी सुमित कुमार अरोड़ा करेंगे। इस अवसर पर भजन गायक राजेंद्र गनेरीवाला बाबा का गुणगान करेंगे। इसके अलावा भजन सम्राट लक्की वधवा अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृतवर्षा जबकि बब्बू गिरधर उनका सहयोग करेंगे।

### गांव कुरंगावाली में बुजुर्ग की हत्या मामले में संलिप्त महिला गिरफ्तार



सिरसा। जिले के गांव कुरंगावाली में बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिरसा जिला निवासी सुखविंद्र कौर के रूप में हुई है। रोड़ी थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मृतक लीला गिर के बेटे हरदीप सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव निवासी शंभू ने उससे एक हजार रुपए उधार मांगे थे। पैसे न देने की बात को लेकर वह रंजिश रखने लगा। शिकायत के अनुसार शंभू अपने चार-पांच साथियों के साथ उनके घर में घुस आया और आंगन में सो रहे उसके बुजुर्ग पिता पर तेजधार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। घटना के दौरान आरोपियों ने उसके भाई गुरदीप सिंह को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे उपचार के लिए बठिंडा रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी सुखविंद्र कौर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस घटना में शामिल आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### प्राचार्य सहारण बने शिक्षा विभाग ऑफिसर लॉबी के जिला प्रधान

चोपटा। शिक्षा विभाग की जिला ऑफिसर लॉबी का गठन किया गया है। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हुई बैठक में प्राचार्य देवीलाल सहारण को सर्वसम्मति से जिले का प्रधान चुना गया, जबकि डॉ. इंद्रसेन को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों पदाधिकारियों के चयन पर सभी अधिकारियों एवं प्राचार्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मदन मलिक, उमेद सिंह ढाका, भूप सिंह सिहाग, शालू भारद्वाज, मंजू पूनिया, नवदीप धुड़िया, सुरेश पूनियां, वेद रोज, राजेश लाखलान, राजेश बाना, अभिमन्यु, सुनील, रामकुमार, बलविंद्र सिंह जाटान, निर्मल सिंह, प्रताप सिंह, संदीप कौर, विद्याधर, संतोष, नीरज पाहुजा, छोटू राम, रतन सिंह, दीपक मोंगा, सुरेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

### मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग, विरोध में दुकानें रखी बंद

सिरसा। सरकूलर रोड क्षेत्र में दो दुकानदारों के बीच हुई मारपीट के विरोध में वीरवार को कुछ दुकानदारों ने वीरवार को अपनी दुकानें बंद रखी और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। पीड़ित दुकानदार के समर्थन में उतरे दुकानदारों ने बताया कि बीते दिवस नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा था। पड़ोसी दुकानदार का नगर परिषद की टीम ने बाहर रखा सामान जब्त कर लिया जिस पर उसे संदेह हुआ कि उसके पड़ोसी दुकानदार ने नगर परिषद को उसकी शिकायत कर रखी है। इसी संदेह के चलते दोनों दुकानदारों में पहले बहसबाजी हुई और बात मारपीट तक जा पहुंची। रोष जता रहे दुकानदारों ने आरोप लगाया कि उसे पड़ोसी दुकानदार व उसके कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### स्व. पवन बंसल ने बेसहारा पशुओं को आश्रय प्रदान कर शहरवासियों को दिलाई थी निजात : ब्रह्मदास

सिरसा। केलनिया नंदीशाला के प्रधान रहे स्व. पवन बंसल के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए मुख्यधाम डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास उनके आवास पर पहुंचे। बाबा ब्रह्मदास ने स्व. पवन बंसल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। बाबा ब्रह्मदास ने कहा कि स्व. पवन बंसल ने गौसेवा की बेजोड़ मिसाल आमजन के समक्ष पेश की। उन्होंने कहा कि गौसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है और स्व. पवन बंसल ने निःस्वार्थ भाव से जो सेवा कार्य किया, वो अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का काम करेगा। बाबा ब्रह्मदास ने कहा कि उनकी सेवा का ही परिणाम था कि जो शहर कल तक बेसहारा पशुओं की भरमार के कारण परेशानियां झेल रहा था, आज जहां उन बेसहारा पशुओं को आश्रय मिला और शहरवासियों को इन पशुओं से निजात। उन्होंने कहा कि सिरसा शहर ताउम्र उनकी सेवा का आभारी रहेगा, क्योंकि उन्होंने नंदीशाला रूपी जो पौधा लगाया था, आज वो वट वृक्ष बन चुका है और हजारों गौवंश का यहां बेहतर तरीके से पालन-पोषण किया जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

परेशानी | 19 जून के बाद फिर बजेगी शहनाइयां, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

# अधिकमास की वजह से शहर के बाजार में छाई मंदी, दुकानदारों की बढ़ी चिंता

शादी-विवाह का सीजन बाजार के लिए लेकर आता है सबसे बड़ा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) शुरू होने के साथ ही शहर के बाजारों में मंदी का असर साफ दिखाई देने लगा है। विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों पर विराम लगने से कपड़ा, ज्वेलरी, बर्तन, फर्नीचर, टेंट, कैटरिंग और सजावट कारोबार से जुड़े दुकानदारों की बिक्री अचानक घट गई है। पिछले कई दिनों तक शादियों के सीजन से गुलजार रहने वाले बाजार अब अपेक्षाकृत सूने नजर आने लगे हैं। व्यापारियों का कहना है कि शादी-विवाह का सीजन बाजार के लिए सबसे बड़ा कारोबार लेकर आता है। अधिकमास लगने के कारण करीब एक माह तक नए विवाह और मांगलिक आयोजन नहीं हो रहे, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ा है।



फतेहाबाद। मंदी के चलते सुनसान पड़ा बाजार। फोटो : हरिभूमि

### पूजा-पाठ के सामान की बढ़ी बिक्री

खासकर मैरिज पैलेस, बैंड-बाजा, हलवाई, डेकोरेशन और कपड़ा कारोबार से जुड़े लोग मंदी की मार झेल रहे हैं। शहर के कई दुकानदारों ने बताया कि विवाह सीजन के दौरान रोजाना अच्छी बिक्री हो रही थी, लेकिन अधिकमास शुरू होते ही ग्राहकों की संख्या कम हो गई। लोग अब केवल जरूरी खरीदारी ही कर रहे हैं। हालांकि धार्मिक सामग्री और पूजा-पाठ से जुड़े सामान की मांग में कुछ बढ़ोतरी जरूर देखने को मिल रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अधिकमास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत और अन्य मांगलिक कार्य शुभ नहीं माने जाते। इसी कारण 15 जून तक अधिकांश शुभ कार्य बंद रहेंगे। इसके बाद 19 जून से दोबारा विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे और बाजारों में फिर रौनक लौटने की उम्मीद है। व्यापारियों को उम्मीद है कि जून के दूसरे पखवाड़े से शादी-विवाह का सीजन दोबारा गति पकड़ेगा। 19 जून के बाद शहनाइयां फिर गूंजेंगी और मांगलिक कार्य शुरू होने से बाजारों में कारोबार बढ़ेगा। फिलहाल व्यापारी अगले शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं।

### 57 बोतल अवैध शराब सहित चार आरोपी पकड़े

सिरसा। अवैध रूप से शराब बेचने खुर्दा संचालकों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिरसा पुलिस ने जिले में व्यापक छापेमारी की है। इस दौरान विभिन्न पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों से अवैध रूप से बेची जा रही 57 बोतल देशी शराब बरामद कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला की डिंग थाना कि एक पुलिस टीम ने गांव कोटली क्षेत्र से आरोपी रिंकु निवासी गांव कोटली को 15 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। वहीं जिला की रोड़ी थाना पुलिस ने नहर पुल रोड़ी क्षेत्र से आरोपी हेतराम सिंह निवासी बांदर पत्ती को 14 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। शहर थाना सिरसा पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान रानियां रोड़ सिरसा क्षेत्र से आरोपी सुरेंद्र कुमार निवासी गुरुतेग बहादुर नगर सिरसा को 14 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया।